भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 394
दिनांक 2 दिसंबर, 2025 / 11 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

स्व-गणना परीक्षण

†394. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

श्री इटेला राजेंदर:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में जनगणना के अंतर्गत स्व-गणना परीक्षण शुरू होगा और यह स्वतंत्रता-पश्चात् देश में पहली डिजिटल जनगणना और जाति की गणना करने वाली पहली जनगणना होगी; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) व (ख): 2027 की जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी। मोबाइल ऐप के ज़रिए आँकड़े एकत्र किए जाएँगे और इसके साथ स्व-गणना के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी होगी। पूरी प्रक्रिया की निगरानी एक वेब पोर्टल के ज़रिए की जाएगी। जनगणना के प्रथम चरण अर्थात् मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का पूर्व-परीक्षण, दिनांक 16 अक्तूबर, 2025 के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चयनित नमूना क्षेत्रों में आयोजित की गयी है।

राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति के दिनांक 30.04.2025 के निर्णय के अनुसार, जनगणना के साथ जातियों की गणना भी की जाएगी।

*****